अमर उजाला

नई दिल्ली
सोमवार । 20 सितंबर 2010

मीडिया हस्तियों से शिक्षकों ने पढ़ा मीडिया का पाठ

मीडिया क्लब खोलने के लिए शिक्षकों की ट्रेनिंग शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

- अक्तूबर-नवंबर में भी किया जाएगा प्रशिक्षित
- 30 स्कूलों से मीडिया क्लब शुरू करने की योजना
- 25 के ग्रुप में 100 शिक्षक प्रशिक्षण ले चुके हैं

नई दिल्ली। देश भर के शिक्षक इन दिनों एनसीईआरटी में मीडिया जगत की दिग्गज हस्तियों से मीडिया का पाठ पढ़ रहे हैं। यह पाठ उन्हें मीडिया स्टडीज कोर्स के विभिन्न पहलुओं व स्कूलों में मीडिया क्लब खोलने के लिए पढ़ाया जा रहा है। शिक्षकों का मीडिया क्लब के प्रति उत्साह इसी बात से लगाया जा सकता है कि अक्तूबर-नवंबर में भी शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। अब तक अगस्त-सितंबर का प्रोग्राम पूरा कर लिया गया है। एनसीईआरटी ने फेस टू फेस प्रशिक्षण देने के बाद एडुसेट के जरिए भी शिक्षकों को पाठ पढ़ाने का मन बनाया है।

एनसीईआरटी ने स्कूलों में मीडिया क्लब खोलने की कवायद शुरू कर दी है। क्लब खोलने के लिए सर्वप्रथम शिक्षकों की ट्रेनिंग प्रक्रिया को शुरू किया गया है। जिसमें उन्हें क्लब खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 11वीं व 12वीं कक्षा के लिए मीडिया स्टडी कोर्स शुरू किया है। कोर्स को भली भांति छात्रों को समझाने के लिए शिक्षक क्लब खोलने की कवायद कर रहे हैं।

एनसीईआरटी में मीडिया स्टडीज टेक्सट बुक व मीडिया स्टडीज ट्रेनिंग प्रोग्राम की कोर्डिनेटर डॉ अनुभूति यादव के मुताबिक ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य भारत में मीडिय[ा] की शिक्षा के विषय में जागरूक करना है। कोर्स के माध्यम से बच्च[ों] को मीडिया के तकनीकी ज्ञान से रुबरू कराने का प्रयास किया गय[ा] है। चूंकि दिल्ली में 30 स्कूलों में मीडिया क्लब खोलने की शुरुआ[त] की जा रही है। लिहाजा अब तक 25 के ग्रुप में दिल्ली के स्कूलों के 100 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया ज[ा] चुका है।